font>

Title: Need to provide financial assistance to the Government of Uttar Pradesh for desilting of Varuna river in Phulpur Parliamentary Constituency.

श्री धर्म राज सिंह पटेल (फूलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, फूलपुर संसदीय क्षेत्र में मैलहन गांव से होकर वाराणसी तक वाया भदोही, वरुणा नदी जाती है। फूलपुर संसदीय क्षेत्र में लगभग 100 गांवों में बरसात के दिनों से लेकर लगभग फरवरी माह तक खेतों व गांवों में जल भराव रहता है। वरुणा नदी का पेटा में मिट्टी व जंगली घास के कारण नदी के पानी का निकास भदोही, वाराणसी की ओर नहीं हो पाता है जिस के कारण हजारों एकड़ जमीन में खेती नहीं हो पाती है। किसान व मजदूर बरसात के दिनों में सामान्य जीवन का निर्वाह भी नहीं कर पाते हैं। खेती न होने से किसानों व मजदूरों की हालत खराब है। बच्चों का शिक्षा, स्वास्थ्य व शादी-ब्याह भी कर पाना गांव वालों के लिए मुश्किल हो गया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सर्वे का कार्य अधूरा करके छोड़ दिया है। धन के अभाव में कार्य प्रगति पर नहीं हो पा रहा है। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि वरुणा नदी का शीघ्र सर्वे करा कर उसके पेटे की सफाई के लिए नाबार्ड या विश्व बैंक से धन दिलाने का कट करें ताकि हजारों एकड़ खेतों में किसान व मजदूर अपनी खेती का काम कर सकें व उनको भुखमरी से बचाया जा सके।